# कुर्सी पर बैठे-बैठे बेहोश हुए सेक्शन राइटर, मौत

## परिजनों के बीच मातम पसरा, जिला कलेक्टोरेट में शोक की लहर



नवभारत न्यूज

**सतना 27 जनवरी. जिला कलेक्टोरेट संयुक्त कार्यालय में रघुराज नगर तहसील में पदस्थ सेक्शन राइटर रोजमर्रा का काम निबटाने के दौरान कुर्सी पर बैठे-बैठे ही अचानक बेहाश होकर गिर पड़े. हलांकि आनन-फानन में उन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया. लेकिन चिकित्सक द्वारा जांच करते हुए उन्हें ब्रॉट डेड घोषित कर दिया गया.**

इस घटना के सामने आते ही एक ओर जहां मृतक कर्मचारी के परिजनों के बीच कोहराम मच गया. वहीं दूसरी ओर कलेक्टोरेट में शोक की लहर दौड़ गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला कलेक्टोरेट संयुक्त कार्यालय में रघुराज नगर तहसील में बतौर सेक्शन राइटर पदस्थ संयज मिश्रा उम्र 59 वर्ष हर रोज की तरह मंगलवार को भी कार्यालय पहुंचे और अपना कामकाज निबटाना प्रारंभ कर दिया. बताया गया कि दोपहर के लगभग 12 बजे संजय को बेचैनी महसूस होने लगी. कुछ देर बाद ही वे स्वयं को संभाल पाने की स्थिति में नहीं रहे और कुर्सी पर बैठे रहने के दौरान ही अचानक बेसुध होकर गिर पड़े. आस पास मौजूद सहकर्मियों की नजर जैसे ही उन पर पड़ी वैसे ही हड़कंप मच गया. आनन-फानन में निजी वाहन के जरिए उन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया. जहां पर उनकी जांच करने पर चिकित्सक द्वारा ब्रॉट डेड घोषित कर दिया गया. यह जानकारी मिलते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया. बदहवासी की हालत में अस्पताल पहुंचे श्री मिश्रा के पुत्र और पत्नी को समझ ही नहीं आ रहा था कि अचानक क्या हो गया. दोनों का रो रो कर बुरा हाल हुए जा रहा था. इसी कड़ी मे जिला कलेक्टोरेट के कर्मचारी भी खासी संख्या में अस्पताल पहुंचने लगे. मामले की गंभीरता को देखते हुए उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी भेज दिया गया.

### हो चुकी थी एंजियोप्लास्टी

सहकर्मी के अचानक निधन का समाचार मिलते ही जिला कलेक्टोरेट में पदस्थ कर्मचारियों के बीच शोक की लहर दौड़ गई. सहकर्मियों ने शोक व्यक्त करते हुए बताया कि श्री मिश्रा बेहद ईमानदार, सरल स्वभाव और अपने कार्य के प्रति समर्पित कर्मचारी थे. वे पहले से ही स्वास्थ्य संबंध्णी समस्यायों से जूझ रहे थे. जिसके चलते उनकी एंजियोप्लास्टी भी हो चुकी थी. इस दौरान अधिकारियों ने भी शोक व्यक्त करते हुए कहा कि एक ईमानदार-कर्मठ कर्मचारी को खो दिया.

# घर में घुसी बोलेरो, मौत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 27 जनवरी, रीवा-सिरमौर मार्ग के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मझगवा में बीती शाम हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल है. जिन्हें उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है.**

घटना के संबंध में ग्राम मझगवा निवासी मृतक मोहम्मद कमरुद्दीन के परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि तेज रफ्तार बोलेरो बैकुंठपुर से रीवा की ओर जा रही थी इसी दौरान अनियंत्रित होकर उनके घर में जा घुसी. पीड़ितों ने बताया कि इस सड़क हादसे में मोहम्मद कमरुद्दीन की बोलेरो के नीचे दब जाने से मौत हो गई है जबकि बोलेरो में सवार चार लोग भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिन्हें उपचार के लिए तत्काल रीवा भेज दिया गया है. परिजनों ने बताया कि बोलेरो काफी दूर से सड़क में बहकती हुई आ रही थी इसी दौरान अनियंत्रित होकर सड़क से तकरीबन 20 फीट नीचे घर में जा घुसी. तेज रफ्तार बोलेरो की चपेट में आने से एक व्यक्ति की घटना स्थल पर मौत हो गई जबकि बोलेरो में सवार चार लोग घायल हुए हैं. घटना की सूचना पर एसडीओपी सिरमौर उमेश प्रजापति सहित बैकुंठपुर पुलिस पहुंची है और वाहन को जप्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है.

# बर्थडे पार्टी से लौट रहे युवकों पर हमला

नवभारत न्यूज

**रीवा, 27 जनवरी, रीवा जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हटहा स्कूल के समीप बीती रात्रि तीन युवको के ऊपर प्राण घातक हमले किए जाने का मामला प्रकाश में आया है. घायलों को उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कर दिया गया है घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है.**

घायलों के चाचा इंद्र बहादुर सिंह निवासी ग्राम हटहा ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात्रि उनके भतीजे का जन्मदिन था. जहां कार्यक्रम में शामिल होने के बाद भतीजा विकास सिंह हेमराज सिंह और अभय विश्वकर्मा वापस जा रहे थे. इसी दौरान चार की संख्या में आरोपियों ने हटहा स्कूल के समीप रास्ता रोककर लाठी डंडे से तीनों लोगों के ऊपर हमला कर दिया.

घटना के दौरान विकास सिंह और हेमराज सिंह गंभीर रूप से घायल हुए हैं जबकि अभय विश्वकर्मा को भी चोटे आई हैं. इंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि बीते वर्ष 2022 में उनके पुत्र की हत्या इन्हीं आरोपियों द्वारा की गई थी इसके बाद आरोपी जमानत पर है और एक बार फिर उनके परिवार के ऊपर प्राण घातक हमला किए जाने का प्रयास किया गया है पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है.

# हमलावरों ने जीजा-साले पर की फायरिंग, दोनों की हालत गंभीर

## जमोड़ी थाना अन्तर्गत सपनी दुआरी के सूनसान रास्ते में हुई घटना , गंभीर घायलों को जिला अस्पताल से रीवा हुये रेफर



नवभारत न्यूज

**सीधी, 27 जनवरी. जिले के जमोड़ी थाना क्षेत्र में सोमवार रात करीब 10 बजे दो बाइक सवार युवकों को हमलावरों ने गोली मार दी। दोनों के गर्दन में गोली लगी है। इस हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।**

उन्हें जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के पश्चात तत्काल संजय गांधी मेडिकल कॉलेज अस्पताल रीवा रेफर किया गया , जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घायल युवकों की पहचान मानिक यादव निवासी ग्राम सपनी दुआरी और उसके साले रजनीश यादव निवासी ग्राम पड़खुरी नंबर-1 के रूप में हुई है। दोनों धनखोरी से सपनी दुआरी लौट रहे थे। गांव से करीब डेढ़ किलोमीटर पहले जब वे एक सुनसान रास्ते से गुजर रहे थे, तभी पीछे से आई एक कार रुक गई और उसमें से दो अज्ञात व्यक्ति उतरे। कुल पांच राउंड फायर किए गए, जिनमें से तीन गोलियां युवकों को लगीं और दो मिस फायर हो गईं। घटनास्थल से पुलिस को तीन खाली खोखे भी बरामद हुए हैं। गोली लगने से दोनों युवक मौके पर ही गिर पड़े और हमलावर कार समेत फरार हो गए। अस्पताल में घायल रजनीश यादव ने बताया कि हमलावर काले रंग की कार से आए थे। उन्होंने बाइक रोकने का इशारा किया। बाइक रोकने के बाद उसने मोबाइल निकाला। लॉक खोलने के दौरान गोली की आवाज आई। मै गिर पड़ा, इसके बाद मुझे कुछ दिखाई नहीं दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद संजय गांधी अस्पताल रीवा भेजा गया। डॉक्टरों के अनुसार, दोनों की हालत गंभीर है और वे फिलहाल बयान देने की स्थिति में नहीं हैं। पीड़ितों के रिश्ते के भाई मुन्ना यादव ने बताया कि मानिक और रजनीश का किसी से कोई पूर्व विवाद नहीं था। उन्हें हमले का कारण समझ नहीं आ रहा है। घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दी गई।

### इनका कहना है

घटना की सूचना रात में मिली थी। पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए रीवा भेजा गया। घटना स्थल सुनसान और जंगल क्षेत्र में होने के कारण वहां कोई सीसीटीवी कैमरा या वाहन की जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकी है। फिलहाल पुलिस अन्य साक्ष्यों और सर्विलांस के माध्यम से जांच कर रही है। जैसे ही घायलों को होश आएगा, उनके बयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**दिव्य प्रकाश त्रिपाठी**
थाना प्रभारी जमोड़ी


**बेचना है**

कृषि जमीन बिकाऊ
उचेहरा पथरहटा
रोड पर बायपास
से 500 मीटर
से कम दूरी पर
सम्पर्क करें
9131038076


# घर में विवाद के बाद पानी की टंकी पर चढ़कर जान देने की धमकी दे रहा था युवक

▸ पुलिस की सूझबूझ से सुरक्षित नीचे उतरा



नवभारत न्यूज

**सीधी, 27 जनवरी. पुलिस की सक्रियता और मानवीय संवेदनाओं का एक प्रेरक उदाहरण आज थाना कोतवाली अंतर्गत ग्राम जोरौंधा में देखने को मिला। जहां डायल 112 की तत्परता और कोतवाली पुलिस की सूझबूझ से एक युवक को आत्मघाती कदम उठाने से रोककर उसकी जीवन रक्षा की गई।**

ग्राम जोरौंधा निवासी विकास पाल का घर में पैसों की मांग को लेकर विवाद हुआ था। मांग पूरी न होने से क्षुब्ध होकर युवक अचानक गांव में स्थित पानी की ऊंची टंकी पर च? गया और वहां से कूदकर जान देने की धमकी देने लगा। युवक को टंकी की ऊंचाई पर देखकर पूरे गांव में ह?कंप मच गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अभिषेक उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस टीम और एफआरव्ही डायल 112 तत्काल मौके पर पहुंचे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने मोर्चा संभाला। प्रधान आरक्षक रण बहादुर, आरक्षक संतोष यादव एवं आरक्षक अनुराग यादव ने अपनी जान की परवाह न करते हुए और सूझबूझ का परिचय देते हुए युवक से निरंतर संवाद स्थापित किया। काफी देर तक चली कड़ी मशक्कत और संवेदी समझाइश के बाद, पुलिस टीम युवक का मन बदलने में सफल रही और उसे सुरक्षित नीचे उतार लिया गया। इस पूरे रेस्क्यू ऑपरेशन में एफआरवी चालक अरुण पाल की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने सूचना मिलते ही न्यूनतम समय में टीम को मौके पर पहुंचाया।

### जीवन रक्षा पर ग्रामीणों ने जताया आभार

युवक को सुरक्षित नीचे उतारने के पश्चात उसे उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। समय रहते मिली सहायता और पुलिस की इस त्वरित कार्यवाही की ग्रामीणों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की है।

### इनका कहना है

पुलिस का प्राथमिक कर्तव्य जनसेवा और जीवन रक्षा है। थाना प्रभारी अभिषेक उपाध्याय और उनकी टीम ने जिस संवेदनशीलता के साथ इस संकटपूर्ण स्थिति को संभाला, वह सराहनीय है। नागरिकों से अपील है कि किसी भी समस्या का समाधान संवाद से निकालें, जीवन अनमोल है।

संतोष कोरी
पुलिस अधीक्षक सीधी

# किराना दुकान को अज्ञात चोरों ने बनाया निशाना

नवभारत न्यूज

**रीवा, 27 जनवरी, सेमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत शाहपुर चौकी के बिरखाम में सोमवार की बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने एक किराना दुकान का ताला तोड़कर नगदी सहित सामान पार कर दिया घटना की सूचना पीडित द्वारा पुलिस को दी गई है.**

घटना के संबंध में दुकान संचालक प्रभाकर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि रोजाना की तरह वह रविवार को अपनी दुकान बंद कर घर चले गए थे. सोमवार की सुबह जब वह दुकान पर आए तो ताला टूटा हुआ था और दुकान के अंदर का सामान बिखरा हुआ था जबकि काउंटर में रखे हुए 6 हजार रुपए गायब थे. प्रभाकर सिंह ने बताया कि आरोपियों ने नगदी सहित दुकान से गैस सिलेंडर सहित अन्य सामान पार कर दिया है. पीढ़ीत द्वारा घटना की सूचना सेमरिया पुलिस को दी गई है वहीं अज्ञात चोरों को पकड़ने की भी मांग की गई है.


**एजेंसी देनी है**

आपका सबसे पुराना,विश्वसनीय, निष्पक्ष **नवभारत** समाचार पत्र सतना को पोंड़ी, पिंडरा, सिंहपुर, रैगांव, ताला, बड़ा इटवा, सरलानगर (मैहर) आदि स्थानों पर एजेंसी देना है इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

मो. नं.- 9098286391, 7828109523


# सड़क हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत

## कृपालपुर में बल्कर ने मारी बाइक को टक्कर



नवभारत न्यूज

**सतना 27 जनवरी. रीवा रोड पर कृपालपुर क्षेत्र में मंगलवार की शाम हुए सड़क हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र की दर्दनाक मौत हो गई. घटना तेज रफ्तार बल्कर द्वारा बाइक को टक्कर मारने के चलते होना बताया गया. पुलिस द्वारा आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया गया.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोलगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत कृपालपुर निवासी 35 वर्षीय शंखधर केवट अपने 7 वर्षीय पुत्र सिद्धू केवट को बाइक पर बैठाकर कर जा रहे थे. बताया गया कि कुछ दूर आगे निकलते ही सतना-रीवा मार्ग पर गुजर रहे एक तेज रफ्तार बल्कर ने देखते ही देखते बाइक का जबरदस्त टक्कर मार दी. इस टक्क्र के चलते बाइक सवार पिता-पुत्र गंभीर तौर पर घायल होकर तड़पने लगे. घटना होती देख आस पास मौजूद लोग भागकर वहां पहुंचे और डायल 112 को सूचना दी. इसी दौरान कुछ लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए बल्कर चालक को पकड़ लिया. इस दौरान खासी संख्या में स्थानीय रहवासियों के सड़क पर एकत्रित हो जाने के कारण जाम लगना शुरु हो गया. घटना की सूचना मिलने के बाद कोलगवां थाना प्रभारी सुदीप सोनी मौके पर पहुंचे. आक्रोशित स्थानीय लोगों ने थाना प्रभारी से शिकायत करते हुए बताया कि सूचना देने के बाद 112 मौके पर पहुंची. लेकिन उसमें सवार पुलिसकर्मी बल्कर चालक को पकड़कर अपने साथ ले गए. जबकि उस दौरान गंभीर तौर पर घायल पिता-पुत्र तड़प रहे थे. अस्पताल पहुंचने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया. थाना प्रभारी द्वारा समझाइस देते किसी तरह आक्रोशित लोगों को शांत कराया गया. पुलिस द्वारा चालक को हिरासत में ले लिया गया है व प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है.


**इचलकरंजी महानगरपालिका, इचलकरंजी**
ता. हातकणंगले जि. कोल्हापूर

**जाहीर फेर ई निविदा सूचना क्र. ९/२०२५-२०२६**

इचलकरंजी महानगरपालिका स्वच्छ भारत अभियान २.० अंतर्गत कचरा डेपो येथे ओल्या व सुक्या कचऱ्यावर प्रक्रिया क्षमता वाढविणेसाठी मशिनरी खरेदी करणे व शेड बांधणेच्या कामांची जाहीर फेर ई निविदा क्रं. ९/२०२५-२६ www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर दि. २८/१/२०२६ रोजी स. ११.०० वाजले पासून प्रसिध्द करणेत येत आहे. सविस्तर जाहिरात www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर उपलब्ध आहे.

सही/-
उपायुक्त



CENTRUM Home Loans — Aao milkar ghar banaye

कॉर्पोरेट और पंजीकृत कार्यालयः यूनिट नंबर 801, सेंट्रम हाउस, सीएसटी रोड, विद्यानगरी मार्ग, कलिना, सांताक्रूज (पूर्व), मुंबई- 400098, सीआईएन नंबर U65922MH2016PLC273826

**कब्जा नोटिस**
(प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8(1) और नियम 8(2) के अनुसार)
ऋण खाता संख्या JLRSA22006928

जबकि, अधोहस्ताक्षरी, सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत तथा सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13(12) के साथ नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, दिनांक 02/03/2024 को मांग नोटिस जारी किया, जिसमें सुधा बरहोलिया को ऋणकर्ता तथा दीपक कुमार बधौलिया को सह-ऋणकर्ता के रूप में नोटिस में उल्लिखित बकाया राशि 30,71,642/- रुपये (केवल 30 लाख इकहत्तर हजार 642 रुपये) संविदात्मक ब्याज, दंडात्मक ब्याज, प्रभार, लागत आदि सहित उक्त नोटिस की तिथि से 60 दिनों के भीतर भुगतान करने के लिए कहा गया। ऋणकर्ता द्वारा राशि का भुगतान न कर पाने के कारण, ऋणकर्ता को, विशेष रूप से और आम जनता को, सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने अपने अधिकार क्षेत्र के तहत नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है।

उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पढ़े जाने पर, उसे प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए, 23 जनवरी, 2026 को ऋण लेने वाले को, विशेष रूप से, और आम जनता को, एतद्द्वारा आगाह किया जाता है कि वे संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करें और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा, जिसमें संविदात्मक ब्याज और दंडात्मक ब्याज, शुल्क, लागत आदि शामिल होंगे।

ऋण लेने वाले का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो गिरवी रखी गई संपत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय से संबंधित हैं।

**अचल संपत्ति का विवरण**

**अचल संपत्ति के अधिकार, टुकड़े एवं पार्सल में-** खसरा नंबर- 10/5/4/7/1, adm. 1800 वर्ग. फुट. ग्राम/मौजा उदयपुर में स्थित, पटवारी हल्का उदयपुर, आर.आई.सी. मैहर, तहसील-मैहर, जिला-सतना-485771, मध्य प्रदेश। सीमाएँ: - पूर्व -25 फीट रोड। रामकलेश सिंह का पश्चिम प्लॉट. उत्तर 30 फीट रोड. - दक्षिण - धीरज मिश्रा की भूमि।

दिनांक : 23.01.2026
स्थान: मैहर (सतना)

अधिकृत अधिकारी,
सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड


### शासकीय भवनों पर की गई रोशनी

**सतना 27 जनवरी.** शासकीय भवनों एवं ऐतिहासिक स्थलों पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर रोशनी की गई। इस संबंध में प्रदेश के समस्त विभाग, विभागाध्यक्ष, संभागीय आयुक्त, कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को निर्देश जारी किये गये थे.

# मद्य निशेध संकल्प दिवस का आयोजन 30 को

नवभारत न्यूज

**सतना 27 जनवरी. महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर 30 जनवरी को मद्य निषेध संकल्प दिवस का आयोजन किया जायेगा।**

समाज में बढ़ते हुए मद्यपान तथा नशीली दवा, मादक पदार्थ/द्रव्यों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों से युवाओं, विद्यार्थियों एवं समाज को अवगत कराने, नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया जायेगा। नशा प्रवृत्ति की रोकथाम हेतु जनजागृति एवं जन चेतना का निर्माण किया जाना इसका मुख्य उद्देश्य है। कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, आयुक्त नगर पालिका निगम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं महिला बाल विकास, जिला शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य/नोडल अधिकारी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना को निर्देशित किया है.

# रामवन मेले में वंदना मिश्रा के अवधी लोकगीतों ने बांधा समां

## राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी रही मुख्य अतिथि



नवभारत न्यूज

**सतना 27 जनवरी. लोक कला और ग्राम्य संस्कृति को समेटे रामपुर बघेलान के प्रसिद्ध स्थल रामवन में आयोजित हो रहे पांच दिवसीय बसन्तोत्सव मेले में चौथे दिन ख्याति प्राप्त अवधी लोक गायिका श्रीमती वंदना मिश्रा लखनऊ के लोकगीतों की धूम रही।**

आयोजन के चौथे दिन 10 टीमों के खिलाडियों के बीच कबड्डी के शानदार मैच हुए। सांस्कृतिक संध्या का उद्घाटन नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी के मुख्यातिथ्य एवं महापौर योगेश ताम्रकार की अध्यक्षता में किया गया। रामवन के बसन्तोत्सव मेले में अवधी लोक गायिका वंदना मिश्रा की प्रस्तुतियों ने दर्शकों-श्रोताओं को मंत्र मुग्ध किया। रामवन मेले में 10 टीमों के मध्य कबड्डी की प्रतियोगितायें हुई। राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि ग्राम्य जीवन और लोक संस्कृति हमारी पहचान और क्षेत्र के प्राण होते हैं। लोकगीत और लोक नृत्य के माध्यम से उत्साह, उमंग और ऊर्जा के भाव जागृत होते हैं। उन्होंने कहा कि रामवन ने पर्यटन और धर्म स्थल के साथ ही मध्यप्रदेश में अलग पहचान बना ली है। रामवन विंध्य का गौरव के रूप में निखर रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, उपाध्यक्ष सुस्मिता सिंह, जनपद सदस्य सुखीनंद, पूर्व जनपद बाबूलाल सिंह, चन्द्रभूषण तिवारी, एसडीएम बीके मिश्रा, तहसीलदार सुजीत नागेश, मतहा की सरपंच मनीषा सिंह भी उपस्थित रहे।









स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99